13 वर्ष की 156 मासिक किश्तों पर मकान खरीद सकेंगे लोग : अरोड़ा

हाऊसिंग बोर्ड के यह आवास 39 शहरों की 45 योजनाओं में मिलेंगे, ई-बिड सबमिशन की शुरूआत आज से होगी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । हाऊसिंग बोर्ड के बुधवार नीलामी उत्सव में 'किश्तों पर आवास' स्कीम के लिए ई-बिड सबमिशन आज से शुरू होगा। इसमें लोग 39 शहरों की 45 योजनाओं में 50 फीसदी तक की छूट पर किश्तों में आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। यह आवास 13 वर्षों की 156 आसान मासिक किश्तों पर मिलेंगे। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि इस योजना में पंजीकरण कराने के लिए आमजन में भारी उत्साह है। जयपुर सहित प्रदेश के सभी 39 शहरों में पंजीकरण कराने और

■ **खरीददारों को इस योजना में 50 फीसदी तक की छूट भी दी जायेगी**

सम्पत्तियां देखने वालों का तांता लगा रहा है। इसलिए शनिवार और रविवार को साइट विजिट की विशेष व्यवस्था की है।

जयपुर के प्रताप नगर, मानसरोवर और इंदिरा गांधी नगर स्थित योजनाओं में आवास देखने के लिए शहर के चारदीवारी के लोगों का भारी उत्साह नजर आया। इसलिए उपआवासन आयुक्त और आवासीय अभियंता कार्यालयों पर हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। साथ ही कॉल सेंटर बनाकर लोगों को जानकारी देने की व्यवस्था कर रखी है। हर योजना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं।

अरोड़ा ने बताया कि लोगों को उनके 'सपनों का घर' मिले, इसलिए अब हम नई योजना ''मकान की कीमत का 10 प्रतिशत दीजिये और गृह प्रवेश कीजिये'' लेकर आये हैं। बुधवार नीलामी उत्सव के तहत ही लोग अब आवासन मण्डल के सभी कार्यालयों की हैल्प डेस्क, घर बैठे या ई-मित्र पर जाकर अपनी बिड/नीलामी का प्रस्ताव प्रत्येक सोमवार को सुबह 10 बजे से बुधवार शाम 4 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकेंगे।

इन प्रस्तावों को पूर्ववत प्रत्येक बुधवार शाम 4.30 बजे ऑनलाईन ही खोला जायेगा और सफल बिडदाता को किश्तों पर आवास आवंटित करेंगे। इस योजना से संबंधित नियम, शर्तों, उपलब्ध आवासों की सूची, आरक्षित दर, छूट का प्रतिशत और ऑनलाईन प्रस्ताव देने की प्रक्रिया आवासन मण्डल की वेबसाईट पर है।